स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 01.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सामुहिक भोज एवं स्वच्छता श्रमिक हमारे स्वच्छ श्रमिक विषय पर मासिक थिमेटिक ड्राईव का प्रारम्भ, श्रमिक सम्मान, समारोह में दीप प्रज्जलित कर एवं श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर निगम परिसर के मुख्य कार्यालय में माननीय अतिथियों के कर कमलों से छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन, निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव, निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा, भोजराम सिन्हा, प्रभारी आयुक्त श्री आर0के0 साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सम्मान समारोह सम्पन्न होने के पश्चात् समस्त अतिथियों ने उपस्थित समस्त श्रमिक साथियों ने सामुहिक भोज किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रमशीला साहू ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निगम भिलाई में कार्यरत श्रमिक साथियों के द्वारा स्वच्छता को लेकर जो कार्य किये जा रहें हैं तथा घर–घर स्वच्छता का संदेश आम नागरिकों तक पहुंचा रहे हें आप लोग के द्वारा प्रेषित संदेश के माध्यम से ही आज भिलाई स्वच्छता रैकिंग की ओर आगे बढ़ रही है तथा पूर्व में आप लोगों के अथक प्रयास एवं कड़ी मेहनत का परिणाम था कि भिलाई नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार से सम्मानित किया गया था।

इस अवसर पर विधायक श्री भसीन ने कहा कि भिलाई श्रमिक बाहूल्य क्षेत्र है भिलाई की सफलता एवं विश्व स्तर में भिलाई का नाम स्थापित करना आप श्रमिक भाईयों के कारण ही संभव हो पाया है। जिस तरह देश की सेना सीमा की सुरक्षा करती है उसी तरह आप लोग भी कड़ी मेहनत करते हैं मैं आप लोग को प्रणाम करता हूं आपकी कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज पुरे शहर के श्रमिक भाईयों के सम्मान करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ।

निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि जब भी निगम क्षेत्र के दौरे में मैं निकलता हूं आप लोग अपने कार्य पर पुरी ईमानदारी एवं लगन के साथ कार्यस्थल पर कार्य करते हुए पाये जाते हैं आप लोगों की कड़ी मेहनत के कारण ही नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छता रैंकिंग की ओर आगे बढ़ रहा है इसके लिए मैं आप लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मंच से ही श्री यादव ने कहा कि आप भारत के एक सैनिक की तरह कार्य करते हैं आप लोगों का सम्मान करते हुए आज मैं अपने आप में गौरान्वित महसुस कर रहा हूं।

निगम सभापति श्री राव ने उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के कड़ी मेहनत के कारण ही आज भिलाई का नाम विश्व स्तर पर जाना जाता है ऐसी श्रमिक भाईयों के बीच में रहना मेरे लिए गौरव की बात है आप लोगों की जो समस्याएं हैं उस समस्या के निराकरण करने के लिए मैं हमेशा आप के साथ हूं । स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने इस अवसर पर श्रमिक भाईयों को सैनिक शब्द से संबोधित करते हुए कहा कि मेरा हमेशा यह प्रयास रहता है कि श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो सके।

वशिष्ठ नारायण मिश्रा ने श्रमिकों के मांग को लेकर कहा कि निगम क्षेत्र में कार्यरत् श्रमिक भाईयों को मिलने वाले वेतन एवं अन्य देय राशि के संबंध में निगम का लेखा विभाग जल्द से जल्द इस दिशा में कार्य करें ताकि इसका सीधा लाभ श्रमिक साथियों को मिल सके।

सम्मान समारोह में पार्षद, एल्डरमेन, निगम के अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक सहित हजारो की संख्या में श्रमिक साथी उपस्थित रहे।

जन सम्पर्क अधिकारी